# चीन के डीप सीक को पछाड़ने वाला डीप शिवा चैटबॉट बनाओ, इनाम पाओ

## हैकाथॉन में युवाओं के प्रोजेक्ट देखकर राज्यपाल ने यूटीयू के सामने रखी चुनौती

आफताब अजमत

देहरादून। चीन के डीप सीक चैटबॉट को पछाड़ने वाला चैटबॉट उत्तराखंड के इंजीनियरिंग छात्र व शिक्षक बनाएंगे। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने हैकाथॉन में छात्रों का उत्साह देखने के बाद उत्तराखंड तकनीकी विवि को यह चुनौती दी है।

डीप-शिवा नाम के इस चैटबॉट को बनाने वालों को राज्यपाल पुरस्कृत करेंगे। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर लगातार जोर दे रहे राज्यपाल 14 मई को हुए हैकाथॉन में छात्रों के एआई मॉडल देखकर खुश हुए। महिला प्रौद्योगिकी संस्थान की छात्रा प्रिंसी और उनकी टीम ने एआई आधारित स्मार्ट होम एनर्जी मैनेजमेंट एप राज्यपाल को दिखाया। इसके माध्यम से घर में बिजली की कुल खपत, उपकरणों की खपत के हिसाब से अलग रिपोर्ट, बिल प्रबंधन, कमरे में बिजली की जरूरत की निगरानी करने के साथ ही रिमोट डिवाइस को भी नियंत्रित किया जा सकता है। इस तरह के कई और एआई मॉडल राज्यपाल ने देखे। राज्यपाल ने सभी इंजीनियरिंग छात्र,

शिक्षकों को ओपन सोर्स व ओपन एआई से देश की सहायता के लिए डीप शिवा नाम से चैटबॉट बनाने का चैलेंज रखा है, जो इसी साल 31 दिसंबर तक पूरा करना होगा।

उन्होंने कहा है कि यह भारतीय चैटबॉट डीप सीक से 108 गुना बेहतर होना चाहिए। इससे बनाने वाली विजेता टीम को पांच लाख रुपये का प्रथम पुरस्कार मिलेगा। दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम को तीन लाख का द्वितीय और तीसरे स्थान की टीम को दो लाख का तृतीय पुरस्कार मिलेगा। तकनीकी विवि के कुलपति इसके मापदंड तय करेंगे।

अमर उजाला एक्सक्लूसिव

### चौथी औद्योगिक क्रांति की आधारशिला एआई पर



*राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) का कहना है कि यह चौथी औद्योगिक क्रांति है। इसकी आधारशिला एआई, क्वांटम कंप्यूटिंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और रोबोटिक्स जैसे नवाचारों पर टिकी है। ये न केवल हमारे दैनिक जीवन को बदल रहे हैं बल्कि भारत को विश्व पटल पर एक वैश्विक नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित कर रहे हैं। एआई अब स्वास्थ्य सेवाओं, कृषि, शिक्षा, रक्षा जैसे क्षेत्रों में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रहा है। केंद्र सरकार ने भी एआई स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए इंडिया एआई मिशन शुरू किया है। उत्तराखंड में एआई का उपयोग आपदा प्रबंधन, पर्वतीय कृषि और स्वास्थ्य में बेहतर किया जा सकता है।*